अमर उजाला 22/09/2024

स्लोगन स्पर्धा में राधिका अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में महिला सेल द्वारा कन्या भ्रूण हत्या की जागरूकता को लेकर पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिताएं करवाई गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को सामाजिक मुद्दों पर सोचने और अपने विचारों को व्यक्त करने का एक मंच प्रदान करती हैं।

संयोजिका डॉ नेहा अग्रवाल ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी जिससे छात्र-छात्राओं को सामाजिक और नैतिक शिक्षा के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता को भी प्रोत्साहन मिल सके।

पेंटिंग प्रतियोगिता में, खुशी प्रथम, दिव्या द्वितीय ओलिविया तीसरे स्थान पर रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में राधिका सैनी प्रथम, अर्चना द्वितीय और दीक्षा गोयल तीसरे स्थान पर रहीं।

जीएमएन कॉलेज में पेंटिंग बनाती छात्रा। संवाद